प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

.....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत सबसे बड़े अवसरों वाला देश है। उन्होंने देश में कारोबारी सुविधा, सुधार, स्थिर नीतिगत व्यवस्था और उच्च वृद्धि दर का वायदा भी किया है। श्री मोदी ने कल इकनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में निवेशकों से नवाचार, श्रेष्ठ निष्पादन, सकारात्मक पहल और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत मजबूत इरादों, उम्मीदों और विश्वास के साथ की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के चुनावों में अधिकांश देशों में लोगों ने बदलाव के लिए मतदान किया है, लेकिन भारतीयों ने निरंतरता, राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक विकास को प्राथमिकता दी है।

.....

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतीराज संस्थाओं के 141 पदों के लिए उपचुनाव के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्रों में चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अधिसूचना के अनुसार मतदान 29 सितंबर को प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक होगा। इनमें 9 ग्राम पंचायत प्रधानों, 17 उप–प्रधानों, एक पंचायत समिति सदस्य, दो जिला परिषद सदस्य तथा 112 पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हैं। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल कुमार खाची की ओर से जारी चुनाव कार्यक्रम के तहत 11 से 13 सितंबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की छंटनी 16 सितंबर को होगी 18 सितंबर को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। चुनाव के लिए पोलिंग स्टेशनों के नाम 11 सितंबर को जारी कर दिए जाएंगे। ग्राम पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के उप चुनाव के लिए पूरी ग्राम पंचायत में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू रहेगी। इसी तरह पंचायत समिति सदस्य के चुनाव के लिए संबंधित पंचायत समिति के सभी वार्डों तथा जिला परिषद सदस्यों के उपचुनाव के लिए संबंधित जिला परिषद के वार्डों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू रहेगी।

.....

राष्ट्रीय पोषण माह आज से शुरू हो रहा है। 30 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश के भविष्य को स्वस्थ और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। पोषण अभियान के अन्तर्गत छः वर्ष की आयु वर्ग तक के बच्चों में अल्प पोषण, अनिमिया व कम वजन और किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं की समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग के समन्वय से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

.....

प्रदेश में नशे के खिलाफ ज़िलास्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा और इसमें पंचायती राज संस्थानों व पंचायत समिति सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कल राजभवन शिमला में हुई एक बैठक में ये निर्णय लिया। राज्यपाल ने ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग को इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सौंपने के आदेश दिए ताकि इसके लिए जल्द उचित कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि नशा निवारण के खिलाफ आम आदमी की भागीदारी सुनिश्चित होना बेहद ज़रूरी है।

.....

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। हालांकि मौसम विभाग ने कल से दो दिन तक फिर से भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का किन्नौर व लाहौल–स्पीति जिला को छोड़कर प्रदेश के अन्य स्थानों पर मूसलाधार बारिश होने का पूर्वानुमान है।

.....

समाचार पत्रों से––––

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–उद्योगों को राहत, बंद नहीं होगी बिजली पर सब्सिडी। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं– कॉर्टन पर जी.एस.टी. दर घटाई–प्रदेश सरकार ने जारी की अधिसूचना, 6 फीसदी की कमी। अखबार की एक अन्य खबर है– सिरमौर में दुर्लभ धातु वैनेडियम की खदान मिली।

पंचायती राज संस्थाओं के 141 पदों के उप–चुनावों के लिए अधिसूचना जारी शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है– 29 सितम्बर को डाले जायेंगे वोट, 11 से 13 सितम्बर तक नामांकन पत्र होंगे दाखिल। दैनिक भास्कर की सुर्खी है–150 पंचायतों में कोड ऑफ कंडक्ट लागू, एक महीने तक विकास कार्यों पर लगी रोक।

आपका फैसला की एक खबर है—युवाओं के सपने होंगे साकार, विदेश में मिलेगा रोजगार— हिमाचल सरकार और ई.एफ.एस फेसिलिटिज सर्विसिज ग्रुप लिमिटेड के बीच हुआ समझौता।

दिव्य हिमाचल लिखता है—आर्थिक तंगी से जूझ रही सरकार, कर्मचारियों की सैलरी—पेंशन पर संकट के आसार—मॉनसून सत्र के बीच प्रदेश सरकार के सामने आई नई चुनौती।

गांवों में ऊंचे भवन बनाना अब आसान नहीं, बदलेगा कानून—हिमाचल में कल लाया जाएगा संधोशन विधेयक। अमर उजाला की एक खबर है।

मौसम से जुड़ी खबर पर हिमाचल दस्तक लिखता है— हिमाचल में कल से 2 दिन फिर बारिश, यलो अलर्ट जारी। आपका फैसला के शब्द हैं— हिमाचल के कई हिस्सों में खिली रही धूप, कमजोर पड़ा मॉनसून—कुछ भागों में 6 तक हल्की बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान।

....